हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024



# परमालकसा से नया रायपुर होते खरसिया तक नई रेल लाईन को हरी झंडी

## पीपीटी माध्यम से प्रोजेक्ट में खर्च होंगे 8250 करोड़ रुपए, लोगों को मिलेगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के दक्षिण इलाकों के लोगों को ट्रेन की सुविधा जल्द मुहैया कराने के लिए रेलवे ने परमालकसा से खरसिया तक नई रेल लाईन के प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिखा दी है। पीपीटी मॉडल पर तैयार होने वाले इस प्रोजेक्ट में 8250 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नई रेल लाइन से नया रायपुर, शिवरीनारायण लखोली, अभनपुर व राजिम होते हुए परमालकसा तक यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी।

प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार आने से प्रस्तावित रेल लाइन निर्माण की बाधा दूर होती दिखाई दे रही है। रेल मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। परियोजना में केंद्र और राज्य सरकार ने अपनी-अपनी भागीदारी तय की थी। परियोजना की निर्माण लागत 8250 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जिसमें भूमिपूजन की लागत परियोजना अवधि का लगने वाला ब्याज व प्राइस एक्सीलेंस अन्य व्यय सम्मिलित है। परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत क्रियान्वित किया जाना है, ताकि ट्रैक बनने में आने वाले खर्च का बोझ कम हो सकेगा।

### 5 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद मंजूरी

रेलवे ने दुर्ग से खरसिया नई रेल लाईन बिछाने की योजना पिछले पांच साल बनाई थी। बताया जाता है कि दुर्ग में ट्रेक में दबाव के ज्यादा होने के कारण इसे राजनांदगांव के परमालकसा से शुरू करने का संशोधित प्रस्ताव भेजा गया, जिसे रेलवे ने स्वीकार कर लिया है। पिछली सरकार से सहयोग नहीं मिलने से रेलवे ने तय किया कि रेलवे खुद यह रेल लाइन बनाएगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद अब राज्य सरकार और रेलवे की मदद से नई लाइन का विस्तार करने की तैयारी है।




### सीएम की पहल पर मिली मंजूरी

इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद यहां से नया रायपुर के लिए सीधे ट्रेन मिलेगी वहीं कोयले के परिवहन के लिए भी वैकल्पिक मार्ग तैयार हो जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिखाए जाने पर आभार भी व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि सांसद संतोष पांडे की पहल पर इस प्रोजेक्ट को दुर्ग की बजाए परमालकसा से शुरू करने का आग्रह भी किया गया था।

### समस्या से बचने रूट में परिवर्तन

तकनीकी व परिचालन संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ चर्चा कर छत्तीसगढ़ रेलवे कार्पोरेशन द्वारा रेल मार्ग में आंशिक संशोधन करते नए रूट का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित किया गया था। नए रूट में रेल लाइन नया रायपुर क्षेत्र के अंदर से गुजरते हुए परमलाकसा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनेट होना प्रस्तावित था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ▸▸ शेष पेज 12 पर

### नई रेल लाइन बनेगी

परमालकसा से खरसिया तक नई रेल लाइन बनेगी। इससे दक्षिण के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। शिवरीनारायण व अभनपुर और राजिम के लिए यात्रियों को ट्रेन मिल सकेगी।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी,
सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल

## आषाढ़ माह के अंतिम दिनों में तेजी से बदल रहा मौसम, 21 तक रहेंगे बादल

# मानसून ने पकड़ी रफ्तार, बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम से तीन दिन बारिश का अलर्ट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अब तक सूखा रहने वाला मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 48 घंटों में जिले में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं बंगाल की खाड़ी में बन रहे एक सिस्टम की वजह से कल से फिर लगातार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान मध्यम से तेज वर्षा होने की संभावना है। इधर बुधवार को मौसम विभाग ने राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर जिले के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया था। हालांकि अब भी बारिश का आंकड़ा सामान्य से 40 फीसदी तक पीछे चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि 18 जून को मानसून के दस्तक देने के बाद से ही हल्की बारिश ही देखने को मिल रही थी। अधिकांश दिन बगैर बारिश के ही गुजर रहे थे। ऐसे में उमस बढ़ने के साथ ही फसल खराब होने की चिंता भी बढ़ गई थी। हालांकि अब पिछले 48 घंटे से मानसून द्वारा पकड़ी गई रफ्तार के चलते हालत सुधरने लगे हैं। खेतों में फसल के लिए पानी मिलने के साथ ही दिन व रात का तापमान भी नीचे आया है। इधर मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, नरसिंहपुर, राजनांदगांव, कलिंगपट्टनम और उसके बाद पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंड शियर जोन 20 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते प्रदेश में कल 18 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। 20 जुलाई से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

## राजनांदगांव सहित दोनों नए जिले में भी बारिश का आंकड़ा सामान्य से पीछे

### मौसम साफ होते ही सड़कों पर मवेशी, बढ़ी दिक्कतें

*बारिश के बाद मौसम साफ होने की स्थिति में शहर की सड़कों में मवेशियों का जमावाड़ा बना रहता है। विशेषकर नंदई चौक, बसंतपुर चौक, गुरूनानक तिराहा, पुराना अस्पताल रोड, कॉलेज रोड, वीआईपी रोड, दुर्गा चौक से बसंतपुर चौक, गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, नया बस स्टैंड रोड, पुराना बस स्टैंड, लखोली चौक, मोहारा रोड, ममता नगर, तुलसीपुर, चिखली सहित शहर के अन्य मार्गों में मवेशियों का जमघट बारिश थमने के बाद सड़कों पर बना रहता है।*



### अब तक इतनी बारिश

मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार राजनांदगांव जिले में 1 जून से 16 जुलाई के मध्य कुल 188.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि सामान्य रूप से इस अवधि में 359 मिमी बारिश होनी थी। ऐसे में बारिश का आंकड़ा अपने लक्ष्य से 47 फीसदी पीछे रहा। हालांकि बुधवार को हुई बारिश के बाद इसमें काफी सुधार हुआ है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में इस अवधि में 23 फीसदी कम 185 मिमी और मोहला-मानपुर जिले में 30 फीसदी कम 242 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

**सेहत पर दिखने लगा असर**: मानसून के रफ्तार पकड़ते ही इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में सबसे गर्म रहने वाले राजनांदगांव जिले में अचानक बदले मौसम की वजह से बच्चों सहित बुजुर्गों में सर्दी-खांसी, बुखार की शिकायते बढ़ गई है। सरकारी अस्पताल में भी वायरल के मरीजों की संख्या में दो गुना तक इजाफा हुआ है।

**जलाशयों के लिए भी बारिश जरूरी** : अल्प वर्षा की वजह से अविभाजित जिले के अधिकांश बांध में भी जलभराव की स्थिति कमजोर हो गई थी। हालत यह थे कि सप्ताहभर पहले तक मोंगरा, मटियामोती, सूखा नाला, घुमरिया और खातूटोला जैसे जलाशयों में जलभराव की स्थिति एक फीसदी से भी कम रह गई थी। ऐसे में दो दिनों से हो रही बेहतर बारिश का असर इनके जलभराव में भी देखने को मिला है।

### बोनी ने पकड़ी रफ्तार, सिंचाई के लिए पानी की किल्लत अब भी

जिले में इस बार करीबन साढ़े तीन लाख हेक्टेयर रकबे में किसानों द्वारा धान की फसल ली जा रही है। धान की फसल के लिए बोनी के दौरान पानी की सर्वाधिक जरूरत होती है। अल्पवर्षा की वजह से अंचल में बोनी की प्रक्रिया भी प्रभावित हो गई थी। हालांकि पिछले दो दिनों से हो रही बेहतर बारिश की वजह से बोनी ने भी रफ्तार पकड़ ली है। अंचल में 60 फीसदी से अधिक रकबे में बोनी कर ली गई है।

## मोतीपुर-तुलसीपुर के रहवासियों को मिलेगी मिनी अंडरब्रिज की सौगात



**राजनांदगांव।** शहर के मोतीपुर-तुलसीपुर को आवागमन के लिए जोड़ने यहां पर मिनी अंडरब्रिज बनाए जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। रेलवे के इंजीनियरों के साथ आज सांसद संतोष पांडे ने मिनी अंडरब्रिज निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद यहां प्राथमिकता के साथ अंडरब्रिज बनाए जाने को लेकर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए बंद पड़े रेलवे फाटक पर आवागमन के मकसद से सांसद संतोष पांडे ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर यहां मिनी अंडरब्रिज निर्माण की मांग की थी। जिसके बाद रेलवे के इंजीनियरों ने मौका मुआयना किया था। वहीं आज सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति में एक बार फिर यहां रेलवे की इंजीनियरों ने मिनी अंडरब्रिज निर्माण स्थल का सर्वे किया है और सभी संभावनाओं को दृष्टिगत रखते रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### व्यापार पर व्यापक असर

तुलसीपुर से मोतीपुर होने के चलते इस क्षेत्र में व्यापार पर काफी असर पड़ा है। रेलवे क्रॉसिंग से लगे दोनों ओर की दर्जनों दुकानों की ग्राहकी पर काफी असर पड़ा है। क्षेत्र के लोगों की मांग पर यहां मिनी अंडरब्रिज निर्माण किया जाएगा। आज सांसद संतोष पांडे ने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया है और रेलवे के इंजीनियरों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने कहा है। अंडरब्रिज के बनने से यहां आवागमन के साथ ही ठप पड़ा व्यापार भी सुचारू होगा।

### शीघ्र मिलेगी सौगात

अंडरब्रिज निर्माण को लेकर एक तरफ जगह कम है, एक तरफ ज्यादा है। उसी के अनुरूप इंजीनियरों से बातचीत हुई है। सर्वे कर लिया गया है। प्राथमिकता पर जो कार्य होना चाहिए, अब वह आगे बढ़ रहा है। बहुत जल्द मोतीपुर क्षेत्रवासियों को अंडरब्रिज मिलेगा। - **संतोष पांडे,** सांसद, राजनांदगांव

## पेड़ के नीचे बेच रहा था शराब, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने एक अरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से 19 पौवा शोले प्लेन शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिलने पर अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने ईमली पेड़ के नीचे बोईरडीह रोड छुरिया पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे मुकेश मालेकर 31 साल निवासी वार्ड नंबर 1 छुरिया थाना छुरिया को गिरफ्तार किया गया।मामला जमानतीय होने एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया है । आरोपी के कब्जे से एक गुलाबी रंग के कपड़े का थैला में 19 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा कीमती 1710 रुपए एवं नगदी रकम 200 रुपए को जब्त कर कार्रवाई की गई।

## नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस मुख्यालय द्वारा आबंटित नए इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 38 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते 24,700 रुपए जुर्माना वसूला।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने पुलिस मुख्यालय रायपुर से आबंटित नए वाहन इंटरसेप्टर वाहन से नेशनल हाईवे में ओव्हर



स्पीड, सीट बेल्ट, प्रेशर हार्न एवं पुलिस अधिकारी के आदेश की अवहेलना पर कुल 38 वाहनों पर कार्रवाई कर 24700 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

इंटरसेप्टर वाहन की मदद से अब यातायात पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई करेगी। यातायात पुलिस की आम लोगों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, ओव्हर स्पीड एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। नियंत्रित गति में वाहन चलाएं एवं सुरक्षित रहे। उक्त कार्रवाई में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सहायक उप निरीक्षक येनलाल चंद्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं यातायात टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## ससुराल वापस नहीं जाने की बात पर पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पत्नी की चरित्र पर शंका व ससुराल वापस नहीं जाने की बात को लेकर पति ने खेत में काम कर रही पत्नी की टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या दी। पुलिस ने मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 जुलाई को दोपहर करीब सवा बजे ग्राम बुद्धभरदा के पैरी बांट खार में ननंद भुनेश्वरी साहू और काकी सास के साथ तीनों खेत में निंदाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान भुनेश्वरी साहू का पति ओमप्रकाश साहू अपने मोटर साइकिल पर आया और रोड़ किनारे खड़ी कर अपने हाथ में लोहे का टंगिया को लेकर अपने पत्नी के पास खेत में आकर बोला, जब ससुराल चले जाना बोलता हूं तो तबीयत खराब होने का बहाना बनाती है और



यहां खेत में काम कर रही है । आज तुमको नहीं छोड़ूंगा, कहकर भुनेश्वरी साहू को मारपीट करने लगा।

आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा- इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन प्रसाद कश्यप के नेतृत्व में प्रकरण के विवेचना एवं आरोपी की पतासाजी ▸▸ शेष पेज 12 पर

### घटना के बाद आरोपी बाईक से भागा

जिसको देखकर मृतिका की भाभी और चाची बीच-बचाव किए, उनको भी धक्का देकर बोले की तुम लोग पति-पत्नी के बीच में आओगे तो तुम दोनों को जान से खतम कर दूंगा, कहकर धमकी देते हुए आरोपी ओमप्रकाश साहू हाथ में रखे हुए टंगिया से भुनेश्वरी साहू के गर्दन के पीछे भाग में 3-4 बार वार किया। जिससे भुनेश्वरी नीचे गिर गई। उसके सिर और गर्दन से काफी खून बहने लगा और ओमप्रकाश साहू खून से सनी टंगिया को वहीं मेड़ के पास फेंककर अपनी मोटर साइकिल लेकर भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 351 (3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया।

## खबर का असर, पहले काऊकेचर में मवेशी की जगह रखे थे पौधे

# अब काऊकेचर में मवेशी, सड़क पर धरपकड़ अभियान शुरू


### माए एंगल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क पर बैठी मवेशियों की वजह से बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद नगर निगम ने इस ओर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है और सड़क पर बैठी मवेशियों को हटाने के लिए एक बार फिर से काऊकेचर का उपयोग किया जाने लगा है

सड़क पर बैठी मवेशियों की वजह से वाहन चालकों और मवेशियों की जान का खतरा बना हुआ है। शहर के भीतरी सड़कों से लेकर नेशनल हाईवे तक बैठी मवेशियों को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम का अमला सक्रिय हुआ है और इन मवेशियों की धरपकड़ अभियान शुरू की गई है।



### आयुक्त ने किया टीम का गठन

सड़क पर बैठे मवेशियों को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम अभिषेक गुप्ता ने इसे गंभीरता से लिया और घुमन्तू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किया है। अब यह टीम शहर के चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई करेगी।

### पशुपालकों की लापरवाही ले रही जान

शहर के कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। जिससे मवेशी चौक-चौराहों और सड़क पर बैठे रहते हैं। जिससे यातायात बाधित होता है। वहीं दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। जिससे दोपहिया वाहन चालक सहित मवेशी की जान भी खतरे में रहती है।

### दो दिन 30 मवेशी हटाए

नगर निगम की टीम द्वारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान के तहत मानव मंदिर चौक, जमातपारा, पोस्ट आफिस चौक, सर्किट हाउस चौक, कौरिनभाठा, आरके नगर, रायपुर नाका आदि क्षेत्रों में सड़क पर बैठी 18 मवेशियों को हटाया गया। वहीं पहले दिन जीई रोड, महावीर चौक नया बस स्टैंड क्षेत्र से 12 मवेशी पकड़े गए थे।

### 570 रुपए का अर्थदंड

पशु पालकों की लापरवाही से सड़क पर बैठे मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा गया है। वहीं मवेशियों को छोड़ने पर प्रत्येक मवेशी का 570 रुपए संबंधित व्यक्ति से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाएगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➔ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➔ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➔ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➔ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### शिशु मंदिर में गणवेश वितरण

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला नागतराई में सोमवार को नोडल अधिकारी कालिंदी तिवारी ने गणवेश एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर संस्था के व्यवस्थापक पूरनलाल पटेल, संस्थापक सदस्य भुवन दास वर्मा, प्रधान आचार्य एआर पटेल, आचार्य, दीदियाँ और पालक उपस्थित थे।



### पुलिस बैरक प्रांगण में पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** पुलिस बैरक प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के नेतृत्व में भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। एसडीओपी आशीश कुंजाम एवं थाना प्रभारी जेके वर्मा की उपस्थिति में अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों आदि ने एक एक पौधे का रोपण किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, विजयराज सिंह चौहान, विजेन्द्रसिंह ठाकुर, परविंदर सिंग मोन्टी, संदीप गहरवार, विशु खांडेकर, अमित जैन, सुमित मिश्रा, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, विजय साहू, प्रकाश महानदी, महेश सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### मोहर्रम पर आम लंगर आयोजित



**सड़क अतरिया।** नर्मदा खैरा में बुधवार को मोहर्रम पर्व सौहार्द भाव से मनाया गया। मुस्लिम जमात ने मोहर्रम के मौके पर शहीद कर्बला को याद किया।बच्चों ने आम लंगर का आयोजन किया जिसमे पूरी जमात ने हिस्सा लिया। इस मौके पर हाजी कलाम खान, हाफिज दिलकस राजा, शब्बीर खान, मिर्जा इमरान, अल्ताफ राजा, अमजद खान, आशिफ बेग, रिहान मिर्जा, शोहेब, अयान, फरहान, याशीर, अल्फ़ाज़, शिब्बु खान, साहिल, अथर, शाहिद, इनायत बेग, अरमान खान सहित अन्य शामिल हुए।

### पटवारियों की हड़ताल पर किसानों की बढ़ी परेशानी

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार के रहते पटवारी हड़ताल पर चले गए हैं जिससे खेती किसानी के दिन में किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के भुईया सॉफ्टवेयर में बहुत अधिक त्रुटियां है। कई कृषकों के नाम गायब है तो कई खसरा नंबर दूसरे के खाते में जुड़ गए हैं। नाम के साथ पिता का नाम सेव करने पर पति हो जा रहा है। ऑनलाइन प्रविष्टि गायब हो रही है। त्रुटि का सुधार नहीं हो रहा है क्योंकि सुधार के लिए एसडीएम कार्यालय में धारा 114, 115 अंतर्गत आवेदन करना पड़ता है। जो कार्य 10 मिनट में हो सकता है उसके पूरा होने में महीनों लग रहे हैं। श्री बघेल ने बताया कि आंदोलन से नामांतरण, खाता विभाजन, खरीदी बिक्री बंद हैं। बच्चों का आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। नजरी नक्शा के नहीं बनने के कारण अपराधों के चार्ज सीट न्यायालय में जमा नहीं हो रहे है। भू स्वामित्व योजना के कार्य लटक गए हैं।

### बालसभा का गठन, साक्षी बनी प्रधानमंत्री

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला उरईडबरी में गत दिनों बालसभा का गठन किया गया। प्रधानमंत्री साक्षी, उप प्रधानमंत्री लीलाधर, शिक्षामंत्री साक्षी, उप शिक्षामंत्री दीपकुमार ,खेल, संस्कृति एवं खाद्य मंत्री तोमेश्वरी .नेहा, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री प्रतिज्ञा , मोनिका, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री नूतन, भूमिका, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री मेघा, नागेश्वर को बनाया गया है। इसी क्रम में कक्षा पहली में नीतू, दूसरी में काव्या, तीसरी में मानवी, चौथी में दीपकुमार, पांचवी में चंद्रशेखर को कक्षा नायक चुना गया। इस मौके पर ऋतुराज साहू, पदमा चंद्रवंशी, हरिचंद पटौती, खेमिनबाई रात्रे, गिरवर चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, देवकुमारी, प्रेमबाई, सरिताबाई, सकीनाबाई, पदमाबाई, कविताबाई, राजकुमारी, रूखमणीबाई आदि मौजूद थे।



### जिला भाजपा की बैठक आज

**सड़क अतरिया।** प्रदेश भाजपा ने सभी जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक 15 से 20 जुलाई के बीच आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसी निर्देश पर कल 18 जुलाई को मोहला मानपुर चौकी जिला की बैठक मोहला में आयोजित है जिसमे प्रभारी के रूप मे पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल होंगे।

### विधायक आज सुनेंगे समस्याएं

**डोंगरगांव।** विधायक दलेश्वर साहू कल 18 जुलाई दिन गुरुवार को विधायक कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याएं सुनने के साथ निराकरण का प्रयास करेंगे। विधायक श्री साहू मोगरा कालोनी स्थित कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम तक मौजूद रहेंगे।

## निधन



### संध्या श्रीवास्तव

**डोंगरगढ़।** एक बत्ती पांच रास्ता निवासी 52 वर्षीय संध्या श्रीवास्तव का हृदयाघात से बीती रात्रि निधन हो गया। वह विजय श्रीवास्तव की पत्नी थी। वह एक पुत्री, एक पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके पर शोकसभा में उपस्थितजनों ने उनके निधन पर गहरा दुःख जताया। छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### इंदु दुबे को श्रद्धांजलि

**डोंगरगांव।** अधिवक्ता सुरेन्द्र दुबे की भाभी और डॉ.नरेंद्र दुबे की पत्नी इंदुदेवी दुबे के निधन पर पुराने तहसील कार्यालय परिसर में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोकसभा में अधिवक्ता सफीर अहमद, सतीश पांडे, ओमप्रकाश पाठक, रमेश साहू, संतोष देवांगन, कमलेश श्रीवास्तव, बीरेंद्र नामदेव, भारत साहू, नरेंद्र शर्मा, सूरज यादव, भारत निषाद, भगीरथी, लोकेश, तेजराम, श्याम सुंदर लाऊत्रे, डालू, देवेंद्र निषाद, राहुल वैष्णव आदि मौजूद थे।

## खेतों में बन रहे मकान, सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण

# अवैध प्लाटिंग का मामला विस में, जवाब देने में हाथ पैर फूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर एवं आसपास के गांवों में अवैध प्लाटिंग बेरोकटोक किया जा रहा है। कॉलोनाइजर एक्टिव होकर खेतों में अवैध प्लाटिंग कर रहे है वहीं राजस्व विभाग में शिकायत होने के बाद भी अधिकारी जेब गर्म करने के चक्कर में कार्रवाई करने के बजाए मेहरबान बने हुए हैं। कार्रवाई के अभाव में दर्जन भर से अधिक स्थानों पर अवैध प्लाटिंग जारी है।अवैध प्लाटिंग और हे बिना अनुमति के निर्माण के मामलों को जांच के नाम से दबाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रायपुर के विधायक राजेश मुणत के सवाल पर स्थानीय राजस्व विभाग ने स्वीकार किया है कि अछोली, करवारी तथा छिरपानी में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है किंतु नगर में हो रहे अवैध प्लाटिंग के बारे में भी जानकारी राजस्व विभाग नहीं दे पा रहा है। कहा जा रहा है कि कार्रवाई से बचने के लिए यह जानकारी छुपा लिया गया। इसी प्रकार बेचे गए प्लाटों की रजिस्ट्री शुन्य करने, कॉलोनाइजर को दंडित करने पर राजस्व विभाग मौन है।



### कार्रवाई से परहेज

जानकारी के अनुसार सबसे अधिक अवैध प्लाटिंग अछोली, छिरपानी एवं करवारी में किया जा रहा है। राजस्व विभाग ने नगर के चारों तरफ हो रही अवैध प्लाटिंग पर कोई कार्रवाई नहीं किया है जिसे लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है। वहीं प्रशासन पर अधूरी कार्रवाई करने का आरोप लग रहा है। नगर की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और फिर बिना अनुमति के निर्माण करने के मामलों में राजस्व विभाग और नगर पालिका प्रशासन कार्रवाई करने में असमर्थ नजर आ रहा है। उपर मंदिर छिरपानी मार्ग के 2011-12 में ग्रीन बेल्ट घोषित होने के बाद भी वहां की जमीनों की खरीदी बिक्री, बिना डायवर्सन के निर्माण किया जा रहा है। यहां भी प्रशासनिक कार्रवाई शून्य है।

### आठ हुए चिन्हाकित

शासन को भेजी गई जानकारी में राजस्व विभाग ने स्वीकार किया है कि आठ लोगों को अवैध प्लाटिंग के लिए चिन्हित किया गया है जिसमें मनजीत कौर पति जसपाल सिंह, गुरदीप कौर पति हरजीत सिंह, गुरमीत सिंह भाटिया पिता मनोहर सिंह भाटिया को अछोली, राजेश पिता दुकालू राम नंदेश्वर को अछोली, प्रवीणसिंह भाटिया पिता अजीत सिंह को अछोली, मोहसिन खान पिता मोहम्मद खान गंडई को अछोली, गोपाल दीक्षित पिता गणपत लाल दीक्षित, राहुल गोयल पिता चंद्र कुमार गोयल डंगनिया रायपुर को अछोली, राजेश पिता दुकालूराम नंदेश्वर को करवारी, संजय साठवाने पिता शिवराम साठवाने, मिथुन राव पथोड़े पिता शंकर राव को छिरपानी, शंकर राव पिता मन्नू को छिरपानी में अवैध प्लाटिंग के लिए चिन्हित किया गया है। जिला पंजीयक राजनांदगांव एवं उप पंजीयक डोंगरगढ़ को उनकी भूमि के क्रय विक्रय की कार्रवाई पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# बौद्ध सामाजिक भवन का आभाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के वार्ड नंबर 2, 3, 4 में बौद्ध समाज के लोगों की बहुलता है फिर भी सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भवन नहीं है। सामाजिक कार्यक्रम के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। समाज के लोग कई वर्षों से भवन निर्माण की मांग कर रहे हैं। आदर्श बौद्ध समिति की अध्यक्ष अनीता सहारे ने बताया कि वार्ड 3 की सरकारी जमीन पर कई समुदायों के सामाजिक भवन बनाए गए हैं जिनके बनने से उन्होंने कभी विरोध नहीं किया किंतु अब उनके समाज के भवन बनाने की बात आई तो कुछ लोगों के पेट में दर्द होना चालू हो गया।

### शिक्षक पर बदनाम करने का आरोप

आदर्श बौद्ध समिति की महिलाओं ने एक शिक्षक पर जातिगत बदनाम करने का आरोप लगाया। उन्होंने थाना प्रभारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। समिति की अरुणा गजभिए, शोभा नंदेश्वर, सीमा लाऊत्रे, आशा अंबादे, बीना वासनिक, सकुन साखरे, वछला वालदे, रत्नद्वीप लाउत्रे, किरण, ज्योति, माहेश्वरी, संजू सहित अन्य ने बताया कि शिक्षक द्वारा जातिगत गाली गलौच किया जाता है और महार समाज को अपमानित किया जाता है।

## रोपा लगाना जारी...



**चिचोला।** अंचल में रोपा लगाने का काम जोरों से चल रहा है। जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए बोर है वह समय रहते रोपाई कर रहे हैं। वहीं कई किसान साधन के अभाव में रोपा लगाने के लिए बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है। कभी बारिश होने और फिर तेज धूप निकलने से खेतों में पानी नहीं ठहर रहा है।

## शिशु मंदिर मुसरा में शिशु भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा




स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों शिशु भारती का गठन किया गया। विभिन्न कक्षाओं में बनाए गए प्रमुख और उप प्रमुख क्रमशः इस प्रकार है। कक्षा अरुण में वंशिका बंजारे, काजल साहू, कक्षा उदय में कृतिका कंवर, युवानी विश्वकर्मा, प्रथम में छाया साहू, जतिन कुमार साहू, कक्षा द्वितीय में शशांक वैष्णव, युवानी वर्मा, कक्षा तृतीय में वेद कुमार विश्वकर्मा, योगिता सोनी, कक्षा चतुर्थ में शीतल पटेल, गरिमा वर्मा, कक्षा पंचम में डेवीस साहू, पिंकी वर्मा, कक्षा षष्टम में दानेश्वरी तिवारी, उषा वर्मा, सप्तम में योगेश साहू, डॉली साहू, अष्टम में तोषकुमार यादव, आयुषी वर्मा है। शालानायक अरविंद साहू, उप शाला नायक हिमांशी साहू, अनुशासन प्रमुख सिमरन वर्मा, उप प्रमुख लिशू साहू, प्रार्थना प्रमुख करीना वर्मा, उप प्रमुख सौरव वर्मा, स्वच्छता प्रमुख नील साहू, उप प्रमुख विनीता वर्मा को बनाया गया है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य सुनील पटेल, भागवत पटेल, जगन्नाथ वर्मा, कुशल वर्मा, विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, डोमेश्वरी पैकरा, भानेश्वरी उइके, पारस बंजारे उपस्थित थे।

## जल समस्या हल करने पूर्व विधायक की पहल



**छुरिया।** ग्राम पंचायत आतरगांव के ग्रामीण कई दिनों से पेयजल समस्या से परेशान थे। कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया किन्तु समुचित समाधान नही हो सका। परेशान ग्रामीणों ने गत दिनों पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू को समस्या से अवगत करा कर जल्द ही निराकरण कराने की पहल करने का अनुरोध किया। श्रीमती साहू ने गत दिनों ग्राम पहुंचकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए हल करने निर्देशित किया। विभाग प्रमुख ने एसडीओ को ग्राम में भेजकर निरीक्षण करने के निर्देश दिया था जिसके बाद गांव में जल्द नए बोर खनन करने की सहमति दी।

## मतदान से बाल कैबिनेट का गठन



**बांधाबाजार।** पूर्व माध्यमिक शाला आलकन्हार में शनिवार को बाल कैबिनेट का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर सरपंच ने कहा कि स्कूल के बेहतर संचालन के लिए बाल कैबिनेट का गठन जरूरी है। मतदान के माध्यम से शाला नायक कमलेश कुमार, प्रतिज्ञा, वित्त मंत्री याचना, माधुरी, शिक्षा मंत्री त्रिलोकी, भावना, स्वास्थ्य मंत्री विनीता, चंद्रकला, स्वच्छता मंत्री चंचल, पायल, गृहमंत्री प्रेमलाल, लल्लेश्वरी, राजस्व मंत्री डेविड कुमार, हिमांशु, सांस्कृतिक मंत्री विशाल कुमार, यशोदा, पर्यटन मंत्री शेखर कुमार, यशवंत कुमार, खेल मंत्री गुलशन कुमार, तरुण कुमार, अनुशासन मंत्री रेशमा, हिमांशु भूआर्य, सूचना एवं प्रसारण मंत्री लवेश कुमार, तारकेश्वर कुमार चुने गए। कक्षा आठवीं में जितेंद्र कुमार, विनीता, सातवीं में देवकी, माधुरी, छठवीं में फनेश कुमार, गीतांजलि कक्षा प्रमुख चुने गए।

## स्वीकृत राशि के लिए साव से मिले ग्रामीण



**घुमका।** क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मंगलवार को पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में मुलाकात कर प्रस्तावित गोपालपुर से घुमका, बोटेपार से खजरी, बहेराभांठा से मालाडबरी मार्ग की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि को जारी करने आवेदन दिया। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने बताया कि 22 सितंबर 2023 को घुमका से गोपालपुर सड़क के लिए 656.22 लाख, बहेराभांठा से मालाडबरी के लिए 362.88 लाख, खजरी से बोटेपार सड़क के लिए 316.53 लाख स्वीकृत किया गया था, किंतु अब तक राशि का आवंटन नहीं हो सका जिसके कारण सड़कों का निर्माण लंबित है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल रतन यादव, मिथलेश साहू, चंद्रेश वर्मा, कल्पना साहू, पार्वती साहू, पीयूष दुबे, जयकुमार वर्मा, उमराव वर्मा, खेमचंद, दीपक, पप्पू वर्मा, मंथिर साहू, खेमन साहू, राजेश वर्मा ने उप मुख्यमंत्री श्री साव से राशि जारी करने का आग्रह किया।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## पेंशन की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षक मिले सीएम से, समस्याएं गिनायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर में मुलाकात किया।

जिलाध्यक्ष श्री हरी, ललिता कन्नौजे, रमेश सोनी आदि ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या को लेकर थानसिंह दीवान बागबाहरा के साथ एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया।

इस दौरान शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने, क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन सौंपा गया।

प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारिक, योगेशसिंह ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, नारायण चौधरी, संतोष सिंह, भूषण चंद्राकर, गोपाल जायसवाल, नंदकुमार साहू, प्रदीप वर्मा, सालिकराम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, नवधा चंद्रा, रवि कुंभकार, परमेश्वर चंद्रा, गेवाराम नेताम, कैलाश साहू, राहुल नेताम, बलराम तारम, आशीष नायक शामिल थे।



### अन्य समस्याओं से भी कराया अवगत

मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने अवगत कराया कि पूर्व के नियुक्त शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है। संविलियन के समय 10 वर्ष पूर्ण नही होने के कारण वह पुरानी पेंशन से वंचित हो गए। यही स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एल बी संवर्ग के साथ उत्पन्न होगी। रिटायर होने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग को किसी भी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। शिक्षक एलबी संवर्ग ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर पूर्व सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। उन्होंने प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नति, सीजीपीएफ में 12 प्रतिशत से अधिक राशि की स्वैच्छिक कटौती करने, वेतन विसंगति दूर करने, लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेश ईलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश आदि पर चर्चा किया।



## खबर संक्षेप



### वीर वंदन चातुर्मास का शुभारंभ

**खैरागढ़।** चातुर्मास को लेकर जैन साधु व साध्वियों के दल का मंगल प्रवेश हुआ। दीक्षाधर्म के महानायक श्रीमद विजय योगतिलक सूरीश्वर जी महाराज के शिष्य श्वेत तिलक विजयजी, शिष्या साध्वी चैत्यदर्शिता श्री जी का शहर के अमलीपारा मे मंगल प्रवेश साथ भव्य प्रवेश बरघोड़ा निकला, जो शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस अमलीपारा के भवाल माता मंदिर पहुंचा। संबंध में मीडिया प्रभारी महेंद्र डाकलिया ने बताया कि गुरूवरों के मंगल प्रवेश साथ ही उनके सानिध्य में वीर वंदन चातुर्मास का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक मार्गानुसारिता के 35 गुणों को लेकर स्वाध्याय, सुबह 8.30 से 9.30 तक आराधना भवन मे जैन धर्म के मर्म को लेकर प्रवचन, दोपहर 3.30 से बच्चों की पाठशाला, संध्या 6.30 को प्रतिक्रमण और रात सवा आठ बजे से विभिन्न धर्म ग्रंथों पर आधारित उदाहरणों से जीवन जीने के राइट एंगल को लेकर धर्म चर्चा होगी। श्री पार्श्वनाथ जैन मूर्तिपूजक संघ व वीर वंदन चातुर्मास समिति की देखरेख में साधु साध्वियों के चातुर्मास को लेकर तैयारी की जा रही है।

### योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित



**राजनांदगांव।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव द्वारा गत दिनों तृतीय जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2024 का आयोजन गायत्री स्कूल केशर नगर राजनांदगांव में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता योगासन भारत दिल्ली से संबद्ध छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि जिला राजनांदगांव से आयु वर्ग 10+, 14+, 18+ तीनों आयु वर्ग में लगभग 110 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने योगासन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। खिलाड़ियों के साथ लगभग 20 कोच/ योग प्रशिक्षक भी शामिल हुए। उक्त आयोजन में कलेक्टर संजय अग्रवाल, गायत्री स्कूल के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, गायत्री स्कूल के निकुंज सिंघल, समाजसेवी सौरभ अग्रवाल, एबिस ग्रुप के अंजुम अल्वी, गोपाल लड्डा, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती, सूर्यकांत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 4 इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासना, आर्टिस्टिक सिंगल योगासना, आर्टिस्टिक पेयर योगासना, रिदमिक पेयर योगासना इवेंट में तीनों आयु वर्ग में बालक-बालिका खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन सत्र में अतिथियों द्वारा आयोजित चारों इवेंट के तीनों आयु वर्ग में (बालक-बालिका) विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें जिला न्यायालय के सीजेएम ओमप्रकाश साहू, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हेमंत रात्रे, गायत्री स्कूल की शैलजा नायर, प्रीति खंडेलवाल उपस्थित रही। प्रतियोगिता के आयोजन में डोमेन्द्र देवांगन प्रतियोगिता निर्देशक एवं निर्णायक के रूप में अशोक साहू, हेमंत सोनवानी, किशोर धीवर, पायल चंद्राकर, मेघेश सोनी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी एवं ऑफिशियल के रूप में प्रकाश कोष्टा, हेमलता वर्मा, नेहा साहू, प्रवीण यादव, झरना देवांगन, लेखिका साहू, यंशु साहू, खिलेन्द्र सोनी, लक्ष्मी शेंडे के साथ स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

### आधा दर्जन से ज्यादा मरीज सिविल अस्पताल में भर्ती

# मुहडबरी में डायरिया, स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के मुहडबरी गांव में बुधवार सुबह उल्टी दस्त से परेशान आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के सिविल अस्पताल मे भर्ती होते ही स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम ने गांव में कैंप लगा दिया है।

आंशिक रूप से प्रभावित लोगों का परीक्षण कर दवाईयां दी और गॉव का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने बताया कि मौसम मे लगातार बदलाव और उमस के चलते सभी लोगों के स्वास्थ्य मे विपरीत प्रभाव पड़ा और सुबह से उल्टी दस्त की शिकायत लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे है।



अभी संतोषी पति मनीष जांगड़े 27 साल, मुस्कान पिता श्यामरतन जांगड़े 14 साल, रुक्मणी पिता चैनलाल टंडन 20 साल, पुनीता पति रामबेलास यादव 45 साल, 5.रामबेलास पिता गजराज यादव 46 साल, जितेन्द्र यादव पिता ललित यादव 31 साल और रमला पति गैंदलाल 50 साल सभी मुहडबरी में एक ही मुहल्ले में रहने वाले है। उनका इलाज जारी है और स्थिति खतरे से बाहर है जबकि भारती पति गौतम बघेल 24 साल, जो गर्भवती है उसे और उम्र दराज होने के कारण रोमला बाई को उचित इलाज के लिए मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। बीएमओ डॉ बिसेन ने बताया कि उल्टी दस्त से परेशान मरीजों की सूचना मिलते ही मेडिकल टीम साजो सामान के साथ गांव रवाना कर दी गई थी, अविलंब दवाई वितरण और स्वास्थ्य परीक्षण के चलते स्थिति काबू में है। डायरिया फैलने को लेकर उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि बोरिंग के आसपास काफी गंदगी है और पानी जमा हुआ है संभवतः उसी बोरिंग के पानी का उपयोग करने के कारण तबियत खराब हुई है।

#### साफ-सफाई का रखे विशेष ध्यान

बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने डायरिया से बचने आम लोगों से हल्का और सुपाच्य भोजन करने, उमस के चलते काम के दौरान ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, भोजन पूर्व हाथो की साबुन से सफाई, मांस मछली के सेवन से बचने, पानी उबालकर पीने और मल त्याग के लिए शौचालय का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि उल्टी दस्त से सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग होते है इसलिए उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने सावधानी बरतना जरूरी है।

# डिप्टी सीएम से मिले जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकास साथ लोगों को बेहतर तरीके से मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की।

जिले के नगर पालिका परिषद खैरागढ़ और नगर पंचायत छुईखदान व गंडई मे उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी देते हुए विकासपरक कामों को लेकर विस्तृत चर्चा कर निकायों के विकास के लिए डिप्टी सीएम से राशि की मांग की। जिपं उपाध्यक्ष की मांगो पर तत्काल मुहर लगाते हुए डिप्टी सीएम ने आश्वस्त किया कि जल्द ही जिले के तीनो नगरीय निकायों में विकास कार्यो के लिए राशि जारी कर दी जाएगी। मुलाकात दौरान जिले के लोकनिर्माण विभाग व लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कामो को लेकर डिप्टी सीएम साव ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से जानकारी ली और नए जिले को बेहतर ढंग से संवारने विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने कहा। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी भी मौजूद थे।

# नि:शुल्क दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन कुंडली शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो दिवसीय निःशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर 6 एवं 7 जुलाई को अग्रसेन भवन भरकापारा राजनांदगांव में 950 भक्तों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में विभिन्न राज्यों से 465 भक्तों का आगमन संस्कारधानी में हुआ।

आयोजन को सफल बनाने में भावेश अग्रवाल, शिव वर्मा, गणेश पवार, महेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रवि शर्मा, प्रशांत अग्रवाल, मनीष यादव, अरविंद गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, करण अग्रवाल, चैतन्य अग्रवाल, रोहित शर्मा, प्रभात गुप्ता, मौसमी शर्मा, ममता शर्मा, मीना पांडे, मंजू लता जोशी, प्रीति गुप्ता, सविता जोशी, प्रतिभा खंडेलवाल, आरती गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल एवं अन्य का योगदान रहा। बाल रत्न मंच सेवा समिति ने आयोजन को सफल बनाने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी आयोजन समिति के संयोजक राहुल अग्रवाल एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।



#### बड़ी संख्या में उपस्थित थे भक्त

आयोजन समिति के संयोजक राहुल अग्रवाल, आयोजन अध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा, उपाध्यक्ष रितेश यादव, कोषाध्यक्ष संदेश, सचिव सौरभ खंडेलवाल व सहसचिव प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि पं. विनोद दुबे का दो दिवसीय नि:शुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर जबलपुर वालों का 6 एवं 7 जुलाई को अग्रसेन भवन भरकापारा में हुआ। आयोजन समिति ने भक्तों का स्वागत तिलक लगाकर किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने सामूहिक नि:शुल्क महालक्ष्मी का पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. विनोद दुबे द्वारा उपस्थित भक्तों का नि:शुल्क कुंडली विश्लेषण कर विभिन्न उपाय बताए गए। भक्तों लिए दोनों दिन नि:शुल्क चाय-नाश्ता एवं जल व्यवस्था की गई थी। आयोजन में अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, समाजसेवी शारदा तिवारी, संपादक अशोक पांडे समेत अन्य लोगों का समिति की ओर से सम्मान किया गया।

#### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 22 को

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 22 जुलाई को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में नवा किसान बॉयो प्लांटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव, एग्रीकल्चर ऑफिसर केवल पुरूष एवं अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस लालपुर रायपुर द्वारा वर्किंग पार्टनर, मार्केटिंग, एजेंट, सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र खैरागढ़ द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर, यूनिट मैनेजर, ग्रामीण वृत्तिक अभिकर्ता, अभिकर्ता के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड सहित मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं।

# अंतर विभागीय वेक्टर नियंत्रण प्रशिक्षण का आयोजन

### प्रशिक्षण में डेंगू से बचाव के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए अंतर विभागीय वेक्टर नियंत्रण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर ने डेंगू से बचने इसके उपायों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अंतर विभागीय समन्वय से कार्यालय, निवास एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने दें एवं नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर पानी भरें। घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें। जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजों में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।




जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा ने बताया डेंगू पर नियंत्रण के लिए जिले के 4 विकासखंडों छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, डोगरगांव में लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य लेकर लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सोर्स रिडक्शन गतिविधियां की जा रही है। जिसमें मितानिन की विशेष भूमिका है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश पटेल सहित डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र सिंह, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पूजा मेश्राम, जिला सलाहकार संगीता पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### सावधानी जरूरी

राज्य सलाहकार स्निग्धा पटनायक ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती है, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यतः जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। डेंगू से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था है।

#### बारिश के दिनों में मच्छरों के प्रजनन से बीमारी में होती है वृद्धि

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। विशेषकर बारिश के मौसम की शुरूआत के साथ ही मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव हेतु सभी को आवश्यक उपाय अपनाना चाहिए। डेंगू रोग के विषय में जनजागरूकता के लिए जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें डेंगू से बचाव से संबंधित नारा लेखन, मितानिन यात्रा व कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें लोगों को डेंगू होने के कारण, इसके लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई।

### जिला गठन के बाद कार्यसमिति की तीसरी बैठक आयोजित

# भाजपा महामंत्री ने ली जिला कार्यसमिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला कार्यसमिति की बैठक प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती की उपस्थिति मे हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र समक्ष में दीप प्रज्वलन बाद जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी व सदस्यो द्वारा वंदे मातरम गीत गाकर विधिवत बैठक की शुरुआत हुई। उद्घाटन भाषण व प्रतिवेदन देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि नवीन जिले में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला भाजपा कार्यसमिति की तीसरी बैठक रखी गई है। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के अभूतपूर्व कार्यकाल को लेकर बधाई प्रस्तावना साथ ही राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रस्तावना किया जाएगा।

श्री साहू ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल किया है। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 21 जून को योग दिवस, 25 जून को काला दिवस मनाया गया। 30 जून को सभी बूथों में मन की बात कार्यक्रम सभी ने सुना इसी प्रकार एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 21 से 25 जुलाई के बीच मंडल स्तर की बैठक होनी है। बैठक में भाजपा सदस्यों के परिजन जो बीते दो माह में स्वर्गवासी हुए है, मंडलवार उनके नाम का वाचन कर शोक प्रस्ताव जिला महामंत्री रामाधार रजक ने रखा जिसके बाद दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




#### करोड़ों लोगों का दिल जीता है पीएम ने

बैठक मे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के मुख्य बिंदु का वाचन जिला भाजपा संयोजक टीके चन्देल ने किया। जिसमे उन्होंने सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो को विस्तृत रूप से बताते हुए प्रस्तावना रखा जिसका समर्थन शशांक ताम्रकार ने किया। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई संदेश का प्रस्ताव प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने रखते हुए कहा कि 140 करोड़ लोगों का दिल जीतकर लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने है। उनका दस साल का कार्यकाल अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा है। हर घर शौचालय निर्माण, दस करोड़ लोगों को घर, जल जीवन मिशन तहत हर घर में नल से पानी, स्वास्थ्य सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड सहित एक देश एक टैक्स को भी लागू किया गया है। प्रस्तावना का समर्थन अनिल अग्रवाल ने किया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने प्रदेश के राजनीति प्रस्तावना का वाचन किया जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा ने 11 में 10 सीट हासिल किया है। अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण, 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का हुआ है। भाजपा शासनकाल में बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को जनता तक ले जाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास व 31 सौ रुपए में धान खरीदी करने का काम, 70 लाख महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए प्रतिमाह देने का काम भाजपा सरकार कर रही है। राजनीति प्रस्ताव का समर्थन खम्हन ताम्रकार ने किया।

#### कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार, भाजपा राज में विकास

बैठक में विधानसभा प्रभारी मूलचंद लोधी ने मंडलवार पार्टी के कार्यों की समीक्षा की जिसके बाद जिला भाजपा प्रभारी राकेश यादव ने लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा कि 20 से 25 जुलाई के बीच हर मंडल की बैठक होनी है जिसमे एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम तहत पौधारोपण करना है। 28 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम में कार्यसमिति सदस्य एक बूथ में जाकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि केंद्र में दस साल बेमिसाल काम हुआ है जबकि बीते पाचं साल कांग्रेस राज मे भ्रष्टाचार का बोलबाला था। जनता ने कांग्रेस सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया। कार्यकर्ताओं के दम पर बनी भाजपा सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नित नए आयाम तय करने के साथ साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, पूरन वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, जीवनदास रात्रे, राकेश ताम्रकार, विकेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, निजाम मंडावी, केशव चन्देल, आयश सिंह बोनी, विनय देवांगन, ज्ञानदास बंजारे, कीर्ति वर्मा, प्रीति यादव, आलोक श्रीवास, नरेंद्र श्रीवास, नेतराम जंघेल, पारस ठाकरे, राजेश मेहता, नरोत्तम सिन्हा, अग्रहीत नेताम, गोरेलाल वर्मा, ललित सोनी, सूर्यदमन सिंह, चेतन वर्मा, उमा सिन्हा, अवध वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल, ज्ञानदास रात्रे, दीनदयाल सिन्हा, डोरेलाल साहू, परमानंद साहू, नवनीत जैन,अनूप वर्मा, रेवाराम वर्मा,अरविंद शर्मा, रामसुख साहू, रूपेंद्र रजक, कृष्णा वर्मा, रामेश्वर रामटेके, जीवन देवांगन, राजू सिंह, पारखदास कोसरे, पूकराम सिन्हा, आकेश बर्मन, नंद चन्द्राकर, महावीर जैन, गिरवर पटेल, ईश्वर निषाद, विष्णु साहू, गीता तांडेकर, आनंद पटेल, संतन साहू, रामकुमार जोशी, भुवन वर्मा, रेखचन्द वर्मा, जयप्रकाश वर्मा सहित भाजपाई उपस्थित थे।

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक बीते दिनों छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में संपन्न हुआ। इसमें पंचायत विभाग के करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद/जिला संवर्ग के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में फेडरेशन के प्रमुख मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते रिक्त पद पर भर्ती किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन को अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने फेडरेशन का विस्तार जिला स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर भी करने का निर्णय एवं संभाग स्तरीय बैठक रखने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू, प्रांतीय सचिव टीआर निर्मलकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गजेश यदु, महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, लखेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत आदिल, महासचिव अमर धनकर, सचिन साहू, कार्यलयीन सचिव कमल साहू, अभिनंदन वैष्णव, प्रवक्ता शंभू साहू, नितेश वैष्णव, मीडिया प्रभारी हेमंत साहू, श्रवण वर्मा, जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल यादव, खड़ानंद वर्मा, प्रवीण कौशिक, धरम भारद्वाज, डीआर साहू, निमेष भोईर, रामदुलार साहू, राकेश कश्यप, अरविंद पाठक, श्याम बिहारी चौहान, जितेंद्र गुप्ता, राजेंद्र उइके, भागवत साहू, धनेश्वर साहू, अर्जुन कलिहारे, विनोद ठाकुर सहित फेडरेशन के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

#### अहम भूमिका निभाते हैं कर्मी

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायती राज के तहत सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी/ पंचायत सचिव/ रोजगार सहायक /जिला जनपद संवर्ग के कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य का पालन करते राज्य सरकार व केंद्र सरकार के समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की महत्ती भूमिका निभाते हैं, किंतु पंचायत संचनालय के अधीन कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का 1965 से अभी तक पदोन्नति नहीं किए गए हैं, न ही विभाग में कोई भर्ती अधिनियम है। कई वर्षों तक विभाग में भर्ती नहीं होने से बहुत पद रिक्त हैं। छत्तीसगढ़ के सभी विभाग में पदोन्नति का सेटअप है। जबकि पंचायत विभाग में कोई सेटअप नहीं है। अन्य राज्य के पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप है। फेडरेशन के एक सूत्रीय मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते रिक्त पद पर भर्ती को सरकार तक पहुंचने बैठक में निर्णय लिया गया।

## सार समाचार

### गुरूपूर्णिमा 21 को



**राजनांदगांव।** श्री गणेश हनुमान मंदिर मिथिला धाम में आगामी 21 जुलाई को श्री गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पूज्य देवेंद्र शरण ब्रह्मचारी महाराज पूज्य मौनी बाबा का पूजन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीतामढ़ी दरभंगा बिहार बैजनाथ धाम झारखंड पुनौरा धाम सीतामढ़ी वैदेही परिसर कोण नगर कोलकाता तिर्पूर सुंदरी धाम नई दिल्ली एवं संपूर्ण छत्तीसगढ के दल्लीराजहरा, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनादगांव के समस्त भक्तगण उल्लासपूर्ण वातावरण में गुरु पूजन करेंगे। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम 17 से 21 जुलाई तक श्री मिथिला धाम मौनीबाबा आश्रम में अनवरत चलता रहेगा। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं रामनाम संकीर्तन, श्रीरामचरित मानस पाठ 21 जुलाई को समापन होगा। श्री मिथिलाधाम परिवार द्वारा गणेश मंदिर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग की पूजा 18 जुलाई को किया जाएगा । पूज्य गुरूदेव मौनी बाबा का गुरूपूजन महोत्सव 21 जुलाई को मिथिलाधाम गणेश मंदिर में सम्पन्न होगा। गुरूपूजन के बाद महाप्रसादी भंडारा का आयोजन भी किया गया है।

### श्री अग्रसेन भवन में आयोजित होगा महोत्सव

**राजनांदगांव।** हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी 19 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यहां श्री अग्रसेन भवन में शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन किया जाएगा। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया के अनुसार राजनांदगांव में पूज्य स्वामी के लगभग 200 शिष्य निवास करते हैं। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होने जा रहा है। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। श्री लोहिया ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को श्री अग्रसेन भवन राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। सुबह 9 बजे पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा गुरु की महत्ता विषय पर प्रवचन होगा। 10 बजे पूज्य स्वामी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य एवं सदगुरुदेव का पूजन किया जाएगा। 10.30 बजे से शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन विधि-विधान से किया जाएगा। दोपहर 12 बजे आरती होगी। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डॉ. कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई। बैठक में पूज्य गुरुदेव भगवान के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच साज-सज्जा, गुरु पूजन, गुरुप्रसादी की व्यवस्था की जानकारी दी गई। बाहर से आने वाले गुरु भाई एवं बहनों के आवास इत्यादि की समुचित व्यवस्था श्रीसत्यनारायण धर्मशाला में की गई है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पूज्य गुरुदेव भगवान की आवास व्यवस्था डॉ. कल्याण साहू के निवास रघुवर मार्ग केशर नगर राजनांदगांव में रहेगी। बैठक में गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डॉ. कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेंद्र शर्मा हित्तू, पवन लोहिया, संगीता चंद्रकांत जोशी एवं भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए।

## विधानसभा अध्यक्ष ने नगरवासियों को 300 से अधिक पौधों का किया वितरण

# जल और वृक्ष नहीं बचाएंगे तो पृथ्वी का अस्तित्व होगा समाप्तः डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा गांधी सभागृह में आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नगरवासियों को 300 से अधिक फलदार, छायादार और सुंगधित फूल के पौधों का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी मां स्वर्गीय श्रीमती सुधादेवी सिंह के नाम बरगद का पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने भी अपनी मां के नाम पर पौधा लगाया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल है, तब तक जीवन है, वृक्ष है, तब तक जीवन है, इसलिए जल संरक्षण एवं वृक्ष लगाना हमारे लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक चिंता में है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण की ही बात की जा रही है। विश्व में जल संरक्षण एवं ओजोन परत में क्षति और कार्बन उत्सर्जन सबसे बड़ी चिंता का विषय है। पृथ्वी के नीचे और नदियों, तालाबों का पानी रिसायकल होकर गिरता है। उन्होंने बताया कि 0.5 प्रतिशत ही पानी इस दुनिया के लिए उपयोगी है।

#### सबका योगदान आवश्यक

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जब वृक्षारोपण की बात हो रही है, एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाने से निश्चित रूप से भावनात्मक रूप से हम जुड़े हैं। उस प्रकृति से जुडने और बचाने के लिए हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम सबका योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से हम सभी एक-एक पेड़ ले जाएंगे और उचित स्थान में लगाएंगे। मां के नाम पेड़ है तो इसलिए उसका रक्षा का दायित्व और कर्तव्य भी है। हमारा राजनांदगांव हरा-भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

#### वैष्णव समाज के भवन का लोकार्पण

विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने चिखली क्षेत्र में वैष्णव समाज के नवीन भवन का लोकार्पण किया। अपने विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव के दौरे पर पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने यहां शहर के चिखली क्षेत्र स्थित दीनदयाल नगर में वैष्णव समाज के नवीन सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के वैष्णव राजाओं का यहां के विकास में काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि राजा घासीदास ने राजधानी रायपुर को संग्रहालय दिया। वहीं राजनांदगांव के रेलवे से लेकर स्टेडियम तक राजाओं की देन है। उन्होंने कहा कि वैष्णव समाज राजनांदगांव का महत्वपूर्ण समाज है।

#### दे रहे पर्यावरण का संदेश

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के साथ विदेशों में होने वाले सभी कार्यक्रम में विश्व को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व को बताया कि भारत पूरी धरती को कुटुम्ब मानती है और पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन व विविधता के विषय में चिंतन एवं वनों के संबंध में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि एक पेड़ से फल, फूल, छाया मिलती है और पेड़ों पर पक्षियों के लिए आशियाना भी बनता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान से आज फिर से अपनी मां को याद करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हम रहे या न रहे, लेकिन एक पेड़ से हम हमेशा याद किए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्र में हरियर राजनांदगांव बनाने के लिए सतत रूप में कार्य कर रहे हरियर मित्र दुर्गेश कुमार, जागेश्वर वैष्णव, सूरज कुमार देवांगन, खिलेश्वर प्रसाद साहू, कैलाश पूरी गोस्वामी, हिमान्शु साहू को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## छग पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग पेंशनर्स एसोसिएशन जिला व नगर इकाई तहसील शाखा की एक संयुक्त मासिक बैठक 14 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे ठा. प्यारेलाल हायर सेकंडरी स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। पेंशनरों द्वारा प्रांतीय महामंत्री का अभिनंदन व स्वागत किया गया।

बैठक में प्रांतीय महामंत्री यशवंत देवान ने बताया कि जनवरी 2017 में प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। प्रांताध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू बने, कोषाध्यक्ष स्व. सीआर साहू थे। पेंशनर्स महासंघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट-मुलाकात कर महंगाई भत्ता व पेंशन के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा व केके दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष पीआर साव ने किया। बैठक में सुधीर शेंडे, एसआर केहरी, सीपी कोसरिया, भोजराम साहू, जगदीश साहू, पीएल वर्मा, शंकरलाल वासकले, रेवाराम, पीडी साहू, कृष्णालाल साहू, केके दुबे, पीआर साव, रमेश कुमार सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सीपी कोसरिया ने दी।

# अवैध रूप से शराब बिक्री में 78 आरोपियों पर कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री और तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत 15 दिनों के भीतर पुलिस ने 77 प्रकरणों में 78 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदशन में अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया था।

#### वाहन भी किए जब्त

जिसके तहत विगत 15 दिनों में शराब तस्करों एवं शराब कोचिया तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 15 दिन में आबकारी एक्ट के तहत कुल 77 प्रकरणों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से शराब तस्करी में परिवहन में प्रयुक्त 3 नग चार पहिया वाहन एवं 2 मोटर साइकिल, आरोपियों के कब्जे से 356 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब, 1517 पौवा अंग्रेजी शराब एवं शराब की बिक्री रकम 4000 रुपए जब्त किया गया। पुलिस द्वारा जिलेभर में अभियान चलाकर 15 दिनों में अवैध शराब मामले में 78 आरोपियों के कब्जे से वाहन और शराब मिलाकर जुमला कीमती 17,90,360 रुपए जब्त किया गया। जिसमें राजनांदगांव पुलिस को 2 अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को पकड़ने में भी सफलता हासिल हुआ। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# गड्ढों में भर रहा बारिश का पानी आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बारिश पूर्व राजनांदगांव शहर की सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए ध्यान नहीं दिए जाने के चलते बारिश का पानी सड़क के गड्ढे में भरने लगा है। शहर के मुख्य मार्ग से लेकर वार्ड के भीतरी सड़क काफी जर्जर नजर आ रहे हैं।

बारिश पूर्व राजनांदगांव शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दिए जाने के चलते सड़कों में कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। वहीं बारिश का पानी इन गड्ढो में भरने की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। गड्ढों में पानी भरे होने के चलते सड़क के गड्ढों का अंदाजा नहीं होने की वजह से भी लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। शहर के मुख्य मार्गों के अलावा ज्यादातर शहर की भीतरी सड़कें जर्जर नजर आ रही है। बारिश के पहले ही इन सड़कों में पेंचवर्क के माध्यम से गड्ढों को भर जाना चाहिए था, लेकिन कुछ जगहों पर गड्ढे भरकर खानापूर्ति कर दी गई है। जबकि अधिकांश सड़कों के गड्ढों पर पेंचवर्क नहीं किया गया। विधानसभा चुनाव से पूर्व शहर की कई सड़कों पर डामरीकरण किया गया था, इसके बाद अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन देने के लिए सड़कों को खोदा गया और महज मिट्टी से ही पाट दिया गया। जिसके चलते मिट्टी गड्ढों से बाहर आ गई और सड़क पर गड्ढे नजर आने लगे। वहीं कई सड़कों पर डामर उखड़ने के चलते भी गड्ढे पड़ गए हैं।

#### इन सड़कों का बुरा हाल

दो दिनों की रिमझिम बारिश में ही शहर की इन सड़कों में पानी भरा हुआ है। शहर के पुराना बस स्टैंड चौक, पुराना रेस्ट हाउस रोड, आजाद चौक से बाल गोविंद चौक जाने वाली सड़क, इंदिरा नगर चौक, गांधी चौक से दुर्गा चौक सहित शहर की अन्य सड़क गड्ढों की वजह से जर्जर नजर आ रही है और इन गड्ढों में बारिश का पानी भर रहा है। जिसके चलते राहगीरों को काफी दिक्कतें हो रही है।

## हैदरी अखाड़े का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ अकीदतमंदों ने की ताजिया की जियारत

हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम की 10 तारीख को राजनांदगांव शहर में ताजिया बनाई गई। बारिश की वजह से शहर के अटल सैयद दरगाह के समीप सभी ताजिया को रखा गया था, जहां लोगों ने पहुंचकर ताजिया की ज़ियारत की। प्रतिवर्ष मोहर्रम पर राजनांदगांव शहर में मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा ताजिया बनाया जाता है।

अपनी परंपरा अनुसार शहर में 3 ताजिया बनाई गई। बारिश को देखते हुए शैड बनाकर एक जगह पर ही ताजिया रखा गया था, जहां अकिदतमंदों ने पहुंचकर जियारत की। इस दौरान हैदरी अखाड़े का प्रदर्शन किया गया। वहीं लंगर का आयोजन करते हुए शरबत वितरण भी किया गया।

# शाला प्रबंध समिति की प्रथम बैठक आयोजित



**जालबांधा।** स्थानीय शासकिय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम शाला जालबांधा में शाला प्रबंध समिति के सदस्यों की प्रथम बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें 9वी एवं 11वीं में भी सभी बच्चों को प्रवेश देने का निर्णय किया गया। बैठक में 6 अगस्त को शिक्षक-पालक बैठक रखने का प्रस्ताव, समिति के सदस्यों द्वारा नेवता भोज कराने, हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय के व्याख्याता के रिक्त पदों की जानकारी उच्च कार्यालय को देने पर विचार किया गया।

उक्त प्रथम बैठक में नव नियुक्त अध्यक्ष गोपाल सिंह राजपूत, सरपंच दिनदयाल सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश साहू, प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्त सदस्य प्रमोद भगत के अलावा निलेश मंडावी, चन्द्रकुमार यादव, कैलाश सिन्हा, हेमंत देशमुख, राजेन्द्र वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थिति अतिथियों का संस्था के प्रभारी प्राचार्य हेममिंग वर्मा द्वारा गुलाल लगाकर स्वागता किया गया। उक्त बैठक में व्याख्याता कपिलदेव वर्मा, श्रीमती यामिनी मोरे, श्रीमती रामभगत, श्रीमती संगीता जोशी, श्रीमती मधुलता बारमले एवं माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक शशांक सिंह राजपूत उपस्थिति थे।

# पौधे लगाने की चलाई जा रही है मुहिम : यादव


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ग्राम पंचायत गठुला में वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में गठुला के ग्रामीणों के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत प्रांगण हाईस्कूल मैदान में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, विशेष अतिथि नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु शामिल रहे।

कार्यक्रम में सरपंच चित्ररेखा ठाकुर, उपसरपंच सुखीराम साहू, हेमलाल साहू, जनपद सदस्य ललिता साहू, पूर्व सरपंच गौरव बोरकर, टुकेश्वर साहू, घनश्यामदास साहू, शेखर विश्वकर्मा, मन्नूलाल श्रीवास, गोकुल साहू, रत्ना साहू, भुनेश्वरी साहू, चौनसिंह श्रीवास एवं पंचायत सचिव शिवेन्द्र सिंह बघेल सहित अन्य लोग शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री यादव एवं नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने अपने करकमलों से नीम, कदंब, बादाम के 10 पौधों का रोपण ग्रामवासियों की मदद से किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन के आह्वान पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें हम सबको भी अपना योगदान देना है। उन्होंने ग्रामवासियों से नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही।

## निधन



### जगोती साहू

**राजनांदगांव।** पेंडरी (सुकुलदैहान) निवासी जगोती साहू का 17 जुलाई बुधवार को शाम 4 बजे निधन हो गया है। वह 85 वर्ष की थी। उनकी अंतिम यात्रा कल 18 जुलाई गुरुवार को सुबह 10 गृह ग्राम पेंडरी निज निवास से निकलेगी। श्रीमती साहू अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। वह योगदास साहू, मनोहरलाल साहू एवं लूकेश साहू की माता थी।

## पृष्ठ 09 का शेष

### समस्या से बचने....

द्वारा ट्रेनों के सुचारू रूप से परिचालन के लिए प्रस्ताव दिया गया कि रेल मार्ग नया रायपुर क्षेत्र के बाहर से ले जाया जाए, ताकि रेल मार्ग में पड़ने वाले सरफेस क्रॉसिंग को टाला जा सके। लंबित प्रक्रिया के बाद राज्य सरकार ने जनवरी में डीपीआर पर अपनी सहमति देकर इसे भारतीय रेलवे बोर्ड को सेशन के लिए भेजा था।

### ससुराल वापस नहीं...

पुलिस टीम ने घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त टंगिया को मौके से जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी को मोखली पुलिया के पास होने की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ओमप्रकाश साहू पिता टीकम साहू 32 वर्ष निवासी कोटरासरार थाना लालबाग के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, उपनिरीक्षक पटेल, सहायक उपनिरीक्षक राजू मेश्राम, आरक्षक राकेश ठावरे, राकेश धुर्वे, राजकुमार बंजारा, कमलकिशोर यादव, महिला आरक्षक दुर्गा साहू की सराहनीय भूमिका रही।

## सट्टा-पट्टी के साथ पकड़ाया

**छुरिया।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 16 जुलाई को थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना मिलने पर छुरिया बाजार चौक तालाब के ऊपर पान ठेला के पीछे कोई व्यक्ति अंकों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। इस सूचना पर मुखबीर के बताए पते पर रेड किया तो एक व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिखते मिला, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम विपिन कुंजाम 21 साल निवासी वार्ड नंबर 10 छुरिया का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से एक कोरे कागज में लिखा सट्टा-पट्टी, एक डाट पेन एवं नगदी रकम 800 रुपए मिला। जिसको गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया है।

# छूट का लाभ देने अवकाश के दिनों में राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम सुनियोजित अभियान चलाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली की जा रही है। जुलाई माह में सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ देने निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व का अमला कार्यालय के साथ-साथ घर-घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली कर रही है। साथ ही जनवरी माह से शासन द्वारा निर्धारित छूट का लाभ लेने करदाताओं को समझाईश दी जा रही है। इसी कड़ी में जुलाई माह में सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ देने अवकाश (17, 20, 21 व 27 जुलाई) के दिनों में राजस्व कार्यालय खुली रहेगी, जहां सम्पत्तिकर के अलावा जलकर, समेकितकर एवं दुकान किराया भी अदा कर सकते हैं। अवकाश के दिनों में राजस्व वसूली हेतु राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं दुकान प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है। आयुक्त गुप्ता ने करदाताओं से जुलाई माह में सम्पत्तिकर का भुगतान कर 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ लेने की अपील की है।

ई-रिक्शा व आटो चालकों को दी गई यातायात नियमों का पालन करने समझाईश

# शहर में यातायात का दबाव, लग रहा जाम

**राजनांदगांव।** शहर में बढ़ रहे यातायात का दबाव एवं आए दिन लग रहे जाम की स्थिति को देखते यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा और आटो चालकों की एक बैठक ली। इस दौरान उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सहायक उपनिरीक्षक कुंजलाल साहू, शरद मसीह, येनलाल चंद्राकर की उपस्थिति में शहर में यातायात का दबाव, ट्रैफिक जाम एवं प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर ई-रिक्शा व ऑटो चालको का यातायात कार्यालय राजनांदगांव में मीटिंग लिया गया।

#### नए कानून की दी गई जानकारी

जिसमें समस्त ई-रिक्शा व ऑटो चालकों को यूनिक नंबर लिखवाने, यातायात नियमों का पालन करने, चौक-चौराहों व बाजार के अंदर बेतरतीब वाहन नहीं खड़ी करने, क्षमता से अधिक सवारी नहीं बिठाने, शहर में निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करने, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन नहीं चलाने, चालक के बगल में सवारी नहीं बिठाने, रेड सिग्नल जंप नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन संबंधी संपूर्ण दस्तावेज पूर्ण कराने हिदायत दिया गया। साथ ही नए कानून के संबंध में ई-रिक्शा व ऑटो चालकों को बताया गया।

# कबाड़ से जुगाड़ के साथ स्थाई स्वरोजगार की ओर जिले की ग्रामीण महिलाएं

■ कचरा कलेक्शन की गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में कबाड़ से जुगाड़ और उससे मिलने वाले स्वरोजगार का बेहतरीन उदाहरण कबीरधाम जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 80 से अधिक ग्रामों में स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे घर-घर कचरा कलेक्शन में देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर कचरा कलेक्शन कार्य के रूप में सामने आया है। जिसमें समूह द्वारा चार से छः महिलाएं आपस मे जुड़कर घर-घर जाकर पुराना टीना-लोहा व प्लास्टिक जैसे अनुपयोगी सामानों को जिसे ग्रामीण फेक दिया करते थे, उसे एकत्रित करते है। सेग्रीगेशन शेड में इससे लाकर अलग-अलग छटाई करते हुए इसे बेचकर आमदनी कमाने का जरिया बनाया जा रहा है। महिलाओं को उनके कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना स्वच्छ भारत मिशन एवं 15वें वित्त योजना के अभिसरण से सहायता दी गई। जिसमें मुख्य रूप से सेग्रीगेशन शेड का निर्माण किया गया जो कचरा कलेक्शन का केंद्र बिंदु बन रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिस तरह जिले के नगर पालिका क्षेत्र कवर्धा एवं अन्य नगरी निकायों में महिला समूह द्वारा कई वर्षों से कचरा कलेक्शन का कार्य कर स्वरोजगार से जुड़ी है ठीक उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्य का विस्तार किया जा रहा है। जिले के चारों विकासखंड के पंचायतो में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। गांव में प्रतिदिन बैठकें कर कचरा कलेक्शन के प्रति जागरूकता का संचार किया जा रहा है। इस कार्य से ग्रामीण महिलाओं को होने वाले लाभ के विषय में जागरूक किया जा रहा है। आज की स्थिति में बहुत से ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ हो गया है और ग्रामीणों का भी इसमें पूरा सहयोग मिल रहा है।

### कलेक्टर महिलाओं को इस कार्य के लिए सभी जरूरी सहायता प्रदान की

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इस संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि जिले के बहुत से गांव में 4 से 6 महिला स्वच्छग्रही घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा का कार्य कर रहें है। इसके लिए महिला समूह को प्रोत्साहन स्वरूप 15वें वित्त आयोग योजना से 3 हजार से 35 सौ रुपए तक महीने का प्रदाय की जा रही है। इसके अतिरिक्त ग्रामों में यूजर चार्ज लेने के लिए ग्राम सभा मे प्रस्ताव भी पारित कराया गया है। जैसे मध्यम वर्ग परिवार के लिए 20 रुपए प्रति महीना, बड़े दुकानदारो से 50 रुपए प्रति महीना निर्धारित किया गया है। यह राशि महिला समूह को आर्थिक मदद देगा, जिससे कि वह इस स्वरोजगार के नए कार्य में आगे बढ़ सके। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि महिलाओं को इस कार्य के लिए सभी जरूरी सहायता प्रदान की गई है। जिसमें मुख्य रूप से गांव में कचरा गाड़ी वजन मशीन कुल्हाड़ी, बेलचा, भावड़ा, टोपी, जूते-साड़ी एप्रोन मास्क दस्ताने आदि शामिल है।



## खबर संक्षेप



### नपां पाण्डातराई अस्पताल परिसर में किया पौधरोपण

**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रकृति की सुरक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम मुहिम की शुरुआत की गई। जिसमें नगर पंचायत पाण्डातराई अध्यक्ष दिनेश गुप्ता नें पौधरोपित किया। वहीं पौधरोपण कर नगरवासियों से अपील कर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपित करने तथा संरक्षण कहा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शिवसहाय गुप्ता, तुकेश चंद्रावशी ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया।

### भाजपा मंडल कुई-कुकदुर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान शुभारंभ



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रकृति की सुरक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम मुहिम की शुरुआत की हैं, प्रकृति के संरक्षण प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने कुई-कुकदुर मंडल में पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रतिराम भट्ट, महामंत्री बसंत बाटिया, दशरथ कुम्भकार, राहुल जैन सभी ने पौधरोपण किया। बसंत बाटिया ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य ही यह है कि जिस भी वृक्ष को हम लगाएं, उसकी सेवा अपनी मां की तरह करें, क्योंकि धरती हमारी मां है और इसकी रक्षा के लिए पेड़ का होना अत्यंत आवश्यक है।

### वनांचल क्षेत्र में अभाविप ने पठन-पाठन सामाग्री वितरण किया

**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम सेवा कार्य आयाम के तहत वनांचल क्षेत्र में सेवा कार्य प्रारंभ किया, इसके तहत ग्राम छिदीडीह, खाम्ही, कुई कुकदूर मे वनांचल बैगा जनजाति परिवारजनों के समक्ष लगातर पहुंचकर पढ़ाई-लिखाई करने वाले बालक-बालिकाओं को अध्ययन सामाग्री जैसे कापी, पेन, बैग, पेंसिल एवं अन्य पठन-पाठन सामाग्री वितरण किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लगातार तिज-त्यौहार के अवसर पर वनांचल ग्राम पहुंचकर सेवा कार्य करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य वनांचल में निवासरत उन परिवारों तक पहुंचना जहां सेवा और सुविधा शिक्षा ग्रहण करने की सामग्री के अभाव के कारण विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न हो।

## अनदेखी: जिम्मेदारों की अनदेखी का नतीजन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा


# श्रीबुढ़ा महादेव मंदिर परिसर बना गांजा व शराबियों का प्रिय अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के लिए दैव अनुग्रह स्वरुप विराजमान न केवल कवर्धा वरण प्रदेश व देश-विदेश से आने वाले भक्तों के आस्था के केंद्र माने जाने वाले नगर के पुराना कहचरी पारा स्थित श्री बुढ़ा महादेव मंदिर जहां सावन पर्यंत हर-हर महादेव के नारे व जयघोष गूंजते व बोल-बम कावरियों के आस्था से सराबोर होने वाले हैं, मंदिर व मोहल्लेवासी की माने तो सत्य किसी के भी ह्दय को झकझोर देने वाले हैं।

परिसर के अत्यंत समीप मनमानी और दबंगई करते फुल बेचने वालों के तखत और टेबल पर रात्रि में असामाजिक तत्वों व गांजा तथा शराबियों द्वारा शराब पीकर लोग सोये रहते हैं, मंदिर के सामने बने टपरी-होटल जो की कहचरी थी जिस पर गांजा व असामाजिक तत्वों का अतिक्रमण व नशा का सुरक्षित अड्डा बन गया हैं। समीप ही पान दुकान में चखने का सामान मिलना देर रात तक अंधेरे का फायदा शराबियों द्वारा बैठकर जाम पीना ये सभी कृत्य बहुतायत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। देवालय ठीक सामने ठण्ड में देर रात्रि तक टपरी-होटल के चूल्हे में आग सेकते बैठे युवको द्वारा अभक्ष्य पदार्थ भुंजते खाते दृश्य अत्यंत घृणास्पद है। अन्यान्य जगहों से भी अंधेरे का लाभ उठाते हुए शहर के युवक देर रात तक मंदिर के सामने नदी की सीढियों पर धुम्रपान, गाली-गलौच करते बैठे रहते हैं, जिससे स्थान की गरिमा लगभग खत्म हो रही हैं। कहचरी के गलियारे बरामदे में आए दिन नए-नए अनजान चेहरे सोये और अजीब हरकत दीखते रखते हैं, विशेषकर सोमवार और शनिवार की रात वर्ष में सावन पर्यंत तथा बोलबम की सेवा के लिए निर्मित भवन के बगल अंधेरे होने के कारण शराब की बोतल फेकने और छोटे-छोटे बच्चे बोतल दूढ़ते दीखते रहते हैं, गांजा फूकते के लिए मानो वह स्थान सुनिश्चित ही कर दिया गया हो। जिस पर शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है जिससे अपराधिक व अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लग सकें।

### बढ़ती जा रही है अतिक्रमण धारी



बची-खुची मंदिर व परिसर की मर्यादा से पूर्णतयः जानकार बुजुर्ग व नगरवासी बोलने से बचते दिख रहे थे, क्योकि बोलकर शत्रुता कौन करे। अतिक्रमण को अधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में हटाकर परिसर के समक्ष पूज्यनीय वृक्ष, सुन्दर पुष्प, फलदार पौधरोपण कराकर महादेव मंदिर परिसर को शीघ्र को परिस्कृत कर आदर्श देवालय के रूप में प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता हैं, अन्यथा वर्ष में केवल प्रथम सोमवार को साफ-सफाई व रंग रोगन कर देने मात्र से परंपरा संरक्षित नही हो सकती।

# जिले में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय में 19 जुलाई को उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा के जन्मदिन पर निःशुल्क कैंसर जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जाएगा। जिसमे राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ अपनी सेवाए देंगे।

कवर्धा में इस प्रकार का आयोजन होने से जो लोग अपनी स्वास्थ्य परीक्षण कराने दूर-दराज नही जा पाते साथ ही संसाधन की उपलब्धता की कमी होने के कारण गंभीर व जटिल बीमारी से ग्रसित रहते है। उनका खास ख्याल रखते हुए उक्त निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अपील करते हुआ कहा है कि उक्त निःशुल्क शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराते हुए सुखी जीवन यापन करे और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिसमें 19 जुलाई को इंडोर डोम कॉलेज ग्राउंड कवर्धा में प्रातः 09 से दोपहर 02 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों का पंजीयन सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। बरसात के मौसम होने के कारण सर्व सुविधा युक्त इंडोर स्टेडियम का शिविर के लिए स्थल चयन किया गया है। जिसमें जिले कि निवासरत नागरिकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए और लोगो को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क कैंसर जांच शिविर में जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम लोगो की स्वास्थ्य जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

जिसमे डॉ पुष्पेन्द्र नायक (गैस्टो इन्ट्रोलॉजिस्ट) पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ लवलेश राठौर (एचसीएच न्यूरो सर्जन) नस रोग विशेषज्ञ, डॉ निखिल मोतिरमानी (डीएम कॉर्डियोलॉजी) ह्दयरोग विशेषज्ञ, डॉ अनुराग यादव (एमसीएच यूरोलॉजी) किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ नवीन कुमार जैन (एमडीएसएफएचएन) ओरल कैंसर, डॉ निशा जैन (स्किन/चमड़ी रोग) विशेषज्ञ, डॉ अजीत अग्रवाल (एमएस एमसीएच) कैंसर सर्जन बालको मेडिकल सेंटर सहित स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिसीन विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी रोग विशेषज्ञ, दंत रोग/ ईएनटी विशेषज्ञ रहेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, क्षेत्र में लगाएं जाएंगे 51 हजार पौधे विधायक ने मुहिम शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पूरे देश में लाखों की तादाद में पौधरोपण किया जाएगा। जिससे आने वाले समय में पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकें। इसी कड़ी में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा इस अभियान में अपनी सतत व सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पंडरिया विधानसभा में 51 हजार फलदार एवं छायादार पौधे लगाने की सार्थक मुहिम शुरू की।



पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ में आज से 100 से अधिक पौधरोपण करने की शुरुआत विधायक श्रीमती बोहरा ने अपने गृह ग्राम रणवीरपुर एवं ग्राम बाजार चारभाठा से की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों ने भी विधायक के साथ इस मुहिम में अपनी जनभागीदारी निभाई। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि प्रकृति से ही देश की प्रगति जुड़ी हुई है, ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक व जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा यह दायित्व बनता है कि हम भी पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा में अपना योगदान दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ मां के नाम अभियान में देश का हर नागरिक अपनी महती भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर प्रारंभ एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जन आंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी मां और धरती मां के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव को प्रकट कर रहा हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी मां और धरती मां दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। विधायक ने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सकें इसके लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना होगा। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। उन्होने पंडरिया विधानसभा की जनता से अपील कर आने वाले भविष्य और पीढ़ियों को एक बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए इस मुहिम से जरूर जुड़ें। अपने घर, परिवार, स्कूल, कॉलेज, तालाब के किनारे जहां भी संभव हो एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं और वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा का संकल्प जरूर करें।




# गौ अभ्यारण्य की घोषणा पर सीएम का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विश्व गुरु शंकराचार्य दसनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत श्रवण गिरी गोस्वामी विश्व हिंदू महासंघ, योगी अखाड़ा परिषद के प्रदेश संयोजक भारत योगी ने गौ-अभ्यारण्य की छत्तीसगढ़ में घोषणा किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को गौ सेवक समाज की और से स्वागत किया। दशनाम गोस्वामी समाज और नाथ योगी समाज गौरक्षा और गौसेवा के लिए सदियों से अपनी पहचान बनाया हुआ है। गुरु दात्त्रेय महायोगी गुरु गोरक्ष नाथ सन्यासी समाज बैरागी समाज योगी समाज को एक पहचान देकर गृहस्थ सन्यासियों को यह जिम्मेदारी सौपी थी, अखंड भारत और गौमाता की रक्षा और सेवा के लिए आज के आधुनिक परिवेश में समाज के अंदर अलख जगाकर जन जागरण का अभियान विभिन्न धार्मिक कार्यों के माध्यम से चलाया जा रहा है। जिसमे पूरे देश में सैकड़ों सनातन हिंदू सगठन, साधक, कथावाचक, भागवताचार्य जुटें हुए है।

### डायरिया से बचाव व सावधानी के लिए नागरिक जागरूक रहें : कलेक्टर

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मानसून में डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर अलर्ट रहते हुए जांच और उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि डायरिया से बचाव और सावधानी के लिए लोगों को जन-जागरूक करें। साथ ही साथ लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल क्षेत्र सहित मैदानी क्षेत्रों तथा ग्रामीण अंचलों में डायरिया से बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के टीम को कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम और बीएमओं को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री महोबे ने डायरिया के बचाव के संबंध में आमजन से अपील की।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

**दौरा: कांग्रेस की जांच समिति पहुंची सोनवाही, मृतक परिवार के सदस्यों से की मुलाकात**

# पांच बैगाओं की मौत के बाद जागा शासन-प्रशासन : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हाल के दिनो में जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम सोनवाही में अलग-अलग बीमारियों से हुई संरक्षित जनजाति के बैगा आदिवासियों की मौके के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित एक जांच समिति बुधवार को प्रभावित गांव के दौरे में पहुंची। तथा गांव के मृतक परिवारों से मुलाकात कर न सिर्फ उनका हालचाल जाना बल्कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस संबंध में जांच समिति के संयोजक दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों व ग्रामीणों के हवाले से बताया कि कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत सुदूर वनांचल के बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम सोनवाही में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति को कोई भी सुविधा नही मिल रही है। यहां वर्षा ऋतु पूर्व प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने कोई व्यवस्था नहीं की गई। मच्छरदानी, डीडीटी का छिड़काव, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई तथा स्वास्थ्य से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम संचालित नही किया गया। प्रशासन की इस अनदेखी के चलते अनुसूचित जनजाति वर्ग के पांच बैगा आदिवासियों की मृत्यु हो गई। जांच समिति में जांच समिति के साथ संयोजक दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगॉव, इंद्रशाह मंडावी विधायक मोहला मानपुर, जनकराम ध्रुव विधायक बिन्द्रानवागढ़, ममता चंद्राकर पूर्व विधायक पंडरिया जिला अध्यक्ष होरीराम साहू, नीलकंठ चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, भुनेश्वर बघेल पूर्व विधायक,सीमा अगम अनंत अध्यक्ष महिला कांग्रेस सुमर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रेंगाखार हंसराम ध्रुर्वे जिला पंचायत सदस्य, प्रभाती मरकाम जनपद अध्यक्ष बोड़ला, अगम दास .पुसू सिंह, विष्णु सिंह नेताम,प्रकाश अग्रवाल, गोपाल चंद्रवंशी, अजहर खान, जलेश्वर यादव, अश्वनी वर्मा,मेहुल सत्यवंशी, राजेन्द्र मार्कण्डेय, पालेश्वर चंद्राकर, रूपेन वर्मा आदि उपस्थित थे।

### पीड़ित का ईलाज तो हुआ लेकिन कवर्धा से गांव जाने नहीं मिली वाहन सुविधा



वहीं डायरिया पीड़ित झिंगरा बैगा ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र झलमला में 2 दिनों तक भर्ती रखा गया बाद में उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। 8 दिन ईलाज के बाद शाम को डिस्चार्ज कर दिया गया। लेकिन घर जाने के लिए पीड़ित को किसी प्रकार की कोई वाहन सुविधा उपलब्ध नही कराई गई और उसे उसके हाल पर छोड़ दिया गया। जबकि शाम 4 बजे के बाद ग्रामीण के गांव तक जाने के लिए कोई भी बस या गाड़ी उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में मरीज इधर उधर भटकता रहा और उसे पैदल ही घर जाने मजबूर होना पड़ा।

### नलजल योजना के तहत गांव में पानी टंकी बनी लेकिन नहीं हो रही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए की पानी टंकी बनवाई गई है लेकिन अभी तक शुद्ध पेयजल की सप्लाई नही की जा रही हैद्ध जिसके चलते ग्रामीणों को कुंआ, झिरिया के पानी से गुजारा करना पड़ रहा है। सोनवाही के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें मच्छरदानी नहीं मिली, उल्टी-दस्त से जब तक मृत्यु नहीं हो गई तब तक स्वास्थ्य अमला सोता रहा।

## उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनांचल क्षेत्रों में चल रहा स्वास्थ्य परीक्षण अभियान



- स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी घरों में पहुंचकर कर रही ईलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं आदिवासी बाहूल्य विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया सहित जिले के मैदानी विकासखण्ड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के सभी ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग की टीम अलर्ट मोड में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य शासन एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर अभियान चलाकर वनांचल ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर तथा सभी घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य कर रही है। सर्वे के दौरान लक्षण पाए जाने पर इसके त्वरित उपचार भी प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में 15 जुलाई को विकासखंड बोड़ला के स्वास्थ्य विभाग की टीम अलग-अलग 29 ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसी प्रकार 16 जुलाई को दुरस्त वनांचल क्षेत्रो के ग्रामों में शिविर लगाया गया। इसके साथ ही घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इन सभी कार्यों की मॉनिटरिंग और निरीक्षण संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। बीमारियों के बचाव के लिए कबीरधाम जिले में कुंआ, हैण्डपंप, सोलर पंप सहित 13538 जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान भी शुरू किया गया है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर दौजरी गांव में जल प्रदाय शुरू

**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत दौजरी के पम्प को शीध्र सुधार करने और गंदा, मटमैला पानी मिलने की शिकायत मिलने पर तत्काल संज्ञान में लिया और उन्हें सुधार के निर्देश दिए। पीएचई विभाग के अधिकारी और अमले को हैंड पम्प के पानी को जांच करने और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर पीएचई विभाग द्वारा स्त्रोंतों का पानी सेंपल जल परीक्षण के लिए लिया गया है और अन्य सभी जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन किया गया। गांव के पंप केबल में आई खराबी को ठीक कर जल प्रदाय प्रारम्भ कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता जेपी गोंड ने बताया कि ग्राम पंचायत दौजरी की जनसंख्या 1638 है। ग्राम में कुल 5 हैंड पम्प और 10 पॉवर पंप स्थापित है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है। विगत कुछ दिनों से पंप केबल में खराबी आ गई थी, जिसमें सुधार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव के सभी स्त्रोंतों का पानी सेंपल जल परीक्षण के लिए लिया गया है और अन्य सभी जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन किया गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर कबीरधाम जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित गांवों में संचालित सभी जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिले में मौसमी बीमारियों, बरसात के दिनों में होने वाले जलजनित बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है। जिले में कुंआ, हैण्डपंप, सोलर पंप सहित 13538 जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं।

### खबर संक्षेप

#### 27 जुलाई से 10 अगस्त तक लगेगा शिविर

**कवर्धा।** प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कवर्धा नगर पालिका व जिले की सभी नगर पंचायत में वार्ड वार शिविर लगाकर स्थानीय समस्या का निदान किया जाएगा। नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने मंत्रालय से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के संबंध में परिपत्र जारी किया है।

#### स्वरोजगार योजना के लिए 408 का लक्ष्य

**कवर्धा।** शासन ने एसटी-एससी वर्ग के आर्थिक विकास के लिए अंत्योदय व आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिले को 408 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसकी प्रति ईकाई लागत 0.50 लाख रुपए है। लक्ष्य में दर्शित ऋण राशि न्यूनतम है, अधिकतम ऋण स्वीकृति बंधनकारी नहीं है। इन वर्ग के 33 प्रतिशत महिला हितग्राहियों का चयन करते हुए 20 प्रतिशत कृषि व भूमि विकास, 10 प्रतिशत लघु एवं कुटीर उद्योग, 10 प्रतिशत परिवहन, 60 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में लाभान्वित किया जाना है।

#### द्वितीय मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई व हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य-अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र मंडल की वेबसाइट व संबंधित संस्था के पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है। मंडल से जारी पत्र में निर्देशित किया है कि संबंधित परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पोर्टल से डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होने वाले विषय को अनिवार्य रूप से मिलान कर लें।

## पटवारियों की हड़ताल से लोग व किसान परेशान

- जिले में राजस्व विभाग के कामकाज हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रांतीय आव्हान पर जिले के पटवारियों की लगातार जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल से आम लोगों के साथ किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित पटवारियों के दफ्तरों में ताला लटकने और पटवारियों के हड़ताल में बैठे होने के कारण लोगों तथा किसानो को अपने राजस्व संबंधी कामकाज को लेकर तहसील तथा उप तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहा है। लेकिन यहां पटवारियों द्वारा जारी रिपोर्ट के बगैर उनके काम नहीं हो पा रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिलेभर के पटवारी अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 8 जुलाई से जिला मुख्यालय कवर्धा के कर्मचारी भवन में अनिश्चिकालीन हड़ताल पर डंटे राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल दसवें दिन भी बदस्तूर जारी रही। प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश सहित जिलेभर के पटवारियों की इस अनिश्चितकालीन हड़ताल का अब सीधा असर राजस्व विभाग के कामकाज पर भी दिखाई देने लगा है। हालांकि इस बीच शासन ने पटवारियों के प्रतिनिधि मण्डल के साथ राजस्व सचिव की बैठक आयोजित कराई थी लेकिन बताया जाता है कि बैठक में दोनो पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई और चर्चा कुल मिलाकर विफल रही। ऐसे में दूसरे दौर की बैठक कब होगी और उसमें क्या कोई समाधान निलकर सामने आ पाएगा फिलहाल इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन इतना जरूर है कि जब तक पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त नहीं होती जिले में राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित रहेगा और लोगों तथा किसानो को परेशानियों का सामना करना ही पड़ेगा।

ऐसे में बेहतर होगा की शासन को पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कराने ठोस कार्यवाही करनी चाहिए।

### कवर्धा में झमाझम बारिश...



कवर्धा। लम्बे अंतराल के बाद कवर्धा क्षेत्र में बुधवार को झमाझम बारिश से लोगों व किसानो ने ली राहत की सांस।

### सीनियर सिटीजन समिति ने भोजली तालाब के किनारे किया पौध रोपण



**कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा हरीतीमा समिति के तत्वाधान में गत दिनो कवर्धा में भोजली तालाब के पार पर वृक्षारोपण किया गया। हरितीमा टीम द्वारा वृक्षारोपण के लिए खुदाई की गई रोपण के लिए पौधा एकत्रित किए गए। ट्री गार्ड भी तैयार किए गए एवं सीनियर सिटीजन समिति के सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण कराने के पश्चात ट्री गार्ड लगाकर क्रांक्रीट का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन समिति के अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चंद्रहास परिहार , सदस्य जेआर चतुर्वेदानी, पंकज सिंह ठाकुर, फिरंता राम यादव, डॉ आरके भुआर्य, प्रभाकर शुक्ला, इंजीनियर एसएस जैन उपस्थित थे। हरितिमा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित सीनियर सिटीजनो से वृक्षारोपण कराकर ट्री गार्ड लगाने एवं कांक्रीट में सहयोग किया गया। वृक्षारोपण के दौरान सभी के द्वारा भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जय, जय हरितिमा एवं सीनियर सिटीजन जिंदाबाद से जय घोष किया गया। हरीतिमा टीम द्वारा अभी तक नगर में 8000 से ऊपर पौधे लगाए जा चुके हैं जो वृक्ष का रूप ले चुके हैं और शहर की सुंदरता बढ़ाने में साथ ही साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने में बड़ा योगदान दे रहे हैं।

## ग्रामीणों की दो साल की मांग के बाद भी नहीं बन पाया नाले में पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन, प्रशासन और क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधि, लोगों की समस्याओं और उनके समाधान के प्रति कितने गंभीर हैं इसे विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम खैरझिटी तथा थुहाडीह के बीच नाले में बने पुल की स्थिति को देखकर समझा जा सकता है। बताया जाता है कि इन दोनों गांवों को जोडऩे के लिए नाले में बनाया गया पुल करीब दो साल पूर्व नाले में आई बाढ़ के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद दोनों ही गांव एक दूसरे से कट चुके हैं। वहीं पुल के नाले में समा जाने के बाद लोगों का वाहन सहित आना जाना भी पूरी तरह से बंद हो गया था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीण बीते दो वर्षो से नाले में पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इन दो वर्षो में न तो शासन, प्रशासन के कानो में जूं रेंगी है और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कभी ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या के प्रति कोई गंभीरता दिखाई है। जबकि ग्रामीणों की माने तो उन्होने तत्कालिक कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी कई बार पुल की मांग को लेकर अर्जी विनती की थी और अब भाजपा की सरकार के सत्ता में आने के बाद करीब पांच माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक को भी बकायदा आवेदन सौंपकर पुल निर्माण की मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शासन-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की इस घोर उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से जल्द से जल्द पुल निर्माण की मांग की है।

### वैकल्पिक व्यवस्था से चल रहा काम

पिछले साल तक जुगाड़ के तहत नाले को बार करने के बाद अब वर्तमान में इस टूटे हुए पुल के स्थान पर मिट्टी मुरूम डाल कर काम चलाया जा रहा है। इस वैकल्पिक व्यवस्था से लोग तथा उनके वाहन सुविधा पूर्ण ढंग से इस पार से उस पार आ जा तो रहे हैं लेकिन ग्रामीणों की माने तो यह समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं है। नाले में बाढ़ आने की स्थिति में समस्या फिर जस की तस हो जाएगी। ऐसे में शासन प्रशासन को यहां जल्द से जल्द पुल का निर्माण कराना चाहिए।

### कवर्धा में परम्परागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ का सम्मेलन आयोजित



**कवर्धा।** परम्परागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ के तत्वाधान में गत दिनो जिला मुख्यालय कवर्धा में परम्परागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। स्थानीय राजमहल चौक स्थित दुर्गा मंच में आयोजित इस सम्मेलन के संबंध में उप प्रांता अध्यक्ष नाड़ी वैद्य झुमुक लाल मेरावी ने बताया कि जिले के दूरदराज से आए वैद्यों की उपस्थिति में भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी वैद्यों को आयुर्वेदिक जड़ी बूटी की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बरसात के इस मौसम में सबको बिमारी से बचाने के लिए सतर्क रहकर आमजनों की सेवा करन का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में उपस्थित वैद्यों ने एक दूसरे से जड़ी बूटी के संबंध में जानकारी भी सांझा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैद्य रतन दास मानिकपुरी, वैद्य धनुष दास टांडिया, वैद्य बलदाऊ कौशिक, वैद्य चन्द्रभूषण बंजारे, वैद्य सुखदास मानिकपुरी, वैद्य शिवप्रसाद बंजारे, वैद्य गंगाराम बांधेकर, वैद्य बीडी मानिकपुरी, वैद्य मालिक राम यादव, वैद्य दुर्गा यादव के अलावा पारंपरिक घरेलू वैद्यकीय कार्य में रूचि रखने वाले सुशील कुमार ठाकुर, मोहित आनंद, संजय कुर्रे आदि उपस्थित थे।

**तीन रविवार शाम को भी रहेगा बोलबम यात्रियों के लिए भोजन का इंतजाम**

## भोरमदेव परिसर में ज्वाइन हैण्डस का पहला भण्डारा 22 जुलाई को




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन सोमवार 22 जुलाई को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया गया है। जहां सुबह 5 से 7 बजे तक चाय-नाश्ता और साढ़े 7 बजे से शाम 6 बजे तक भरपेट भोजन की व्यवस्था रहेगी। ज्वाईन हैंण्डस के सदस्य सचिन अग्रवाल ने बताया की सावन के सोमवार को अमरकंटक एवं अन्य स्थानो से भोरमदेव तक पदयात्रा मे आने वाले भक्तों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था किया गया हैं। खास कर कांवरियों एवं सोमवार को व्रत करने वालो का भी ध्यान रखा जाएगा। भोरमदेव शिव मंदिर मे प्रति वर्ष सावन माह मे लगभग 4 से 5 लाख श्रंद्धालु शिव शंकर की पूजा व दर्शन करने पहूचते हैं जिसके लिए समाजसेवी संस्था ज्वाईन हैंण्डस द्वारा विगत 13 वर्षों से भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष तीन रविवार को भी बम यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होने बताया कि इस वर्ष संस्था की ओर से प्रत्येक सोमवार यानि 22, 29 जुलाई एवं 5, 12 अगस्त को भोरमदेव पहुंचने वाले पदयात्री, कांवरिया एवं दर्शनार्थियों के भरपेट भोजन की व्यवस्था रहेगी। ज्वाइन हैण्डस परिवार इस वर्ष बोल बम पदयात्रियों के रविवार शाम की खाने की परेशानियों को देखकर रविवार को भी शाम 6 से रात्रि 9 बजे तक कांवरियों के लिए भर पेट भोजन की व्यवस्था कर रही हैं। संस्था ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य बाबा भोरमदेव के दरबार से कोई भूखा ना जाए। उल्लेखनीय है कि ऐतिहासिक एवं पुरातत्व महत्व के छत्तीसगढ़ के खुजराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर मे भोलेनाथ के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अनेक राज्यों एवं विदेशों से भक्तगण भोरमदेव आते हैं बाबा के दर्शन पश्यात ज्वाइन हैण्डस के भंडारे में शुद्ध एवं सात्विक भोजन प्रसाद खाकर खुश हो जाते हैं।

अब तक इस भंडारे में पॉच लाख से अधिक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर चुके हैं।

### दिव्यांगों के लिए होगी विशेष व्यवस्था

भोरमदेव के मंदिर परिसर मे दिव्यांगों के लिए विलचेयर की व्यवस्था के साथ भंडारा स्थल मे कुर्सी टेबल पर बैठकर भोजन करने की व्यवस्था है साथ मे सीनियर सिटीजनो का भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।

## टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मिले, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन सहित कई मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या को लेकर जनपद पंचायत बागबाहरा के सभापति व भारतीय जनता पार्टी महासमुंद के कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा किया गया। मुख्यमंत्री निवास रायपुर में मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवा निवृत्त हो रहे हैं। संविलियन के समय से कुल सेवा हेतु 10 वर्ष पूर्ण नहीं होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नहीं हैं, यही स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए रहेगा। यह अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन योजना का फायदा है, वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर हो रहे हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए।

शिक्षक एलबी संवर्ग के पूर्व सेवा अर्थात शिक्षा कर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति के आधार पर सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए, पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड राज्य की तरह 33 वर्ष के स्थान पर पूर्व सेवा अवधि से 20 वर्ष किया जाए, मध्यप्रदेश की तरह पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए, प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल व प्रायमरी तथा शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नति अविलम्ब किया जाए, सीजीपीएफ में 12 प्रतिशत से अधिक राशि की स्वैच्छिक कटौती किए जाने का प्रावधान किया जाए, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर जाए, देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेश ईलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय 10:30 से 4:30 करने, पदोन्नत शिक्षकों को वेतन देने आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।